**MODEL QUESTION PAPER**

**Class - 10+2** **Subject – Geography** **(2024-25)**

**Time: 3Hrs** **(MM-60)**

## PART A (MCQ)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के चार विकल्प दिए गए हैं सही विकल्प चुनकर लिखें :- (15X1=15)

i मानव अपने _________पर्यावरण के साथ _____की सहायता से प्रतिक्रिया करता है ।

a) आर्थिक ,विज्ञान b) भौगोलिक, राजनीति

c) भौतिक, तकनीक d) बौद्धिक ,आत्मा

ii संसार की_____ प्रतिशत जनसंख्या _____प्रतिशत क्षेत्र पर निवास करती है ।

a) 20,90 b) 90,10

c) 10,85 d) 30,95

iii ऐसे मानवीय क्रियाकलाप जिससे आय प्राप्त होती है उन्हें हम क्या कहते हैं ?

a) धार्मिक b) भौगोलिक

c) सामाजिक d) आर्थिक

iv खनन के दो प्रमुख प्रकार हैं :-

a) सतही खनन, भूमिगत खनन b) खुला खनन, बंद खनन

c) मशीनी खनन, हस्त खनन d) वैज्ञानिक खनन , ऐतिहासिक खनन

v दुकानदार किन आर्थिक प्रक्रियाओं की श्रेणी में आते हैं ?

a) द्वितीय b) प्राथमिक

c) तृतीय d ) चतुर्थक

vi _____संसार का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है ।

a)उत्तरी अमेरिका b)दक्षिण अमेरिका

c)अफ्रीका d) एशिया

vii भारी वस्तुओं के परिवहन के लिए सबसे सस्ता साधन कौन सा है ?

a) वायु परिवहन b) पाइपलाइन परिवहन

c) जल परिवहन d) रेल परिवहन

viii भारत की प्रथम संपूर्ण जनगणना कब की गई थी ?

a) 1881 b) 1871

c) 1861 d) 1891

ix 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के कौन से राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर सबसे कम थी ?

a) गोवा b) हिमाचल प्रदेश

c) जम्मू कश्मीर d) केरल

x निम्न में से कौन सा नगर प्राचीन नगर नहीं है?

a) प्रयाग b) पाटलिपुत्र

c) इलाहाबाद d) मदुरई

xi भारत में सर्वाधिक जल का उपयोग किस लिए किया जाता है ?

a) उद्योगों मे उपयोग b) सिंचाई मे उपयोग

c) घरों में उपयोग d) साफ सफाई में उपयोग

xii पश्चिम बंगाल में चावल की 1 वर्ष मे कितनी फसले ली जाती है ?

a) 1 b) 2 c) 3 d) 4

xiii भारत में चाय की खेती___ में _____में शुरू की गई।

a) 1830 ,हिमाचल b) 1840 , असम

c) 1850 , जम्मू कश्मीर d) 1860, दार्जिलिंग

xiv भारत के सर्वाधिक खनिज निम्न में से किस क्षेत्र में पाए जाते हैं ?

a) हिमालय पर्वतीय क्षेत्र b) उत्तर भारत का विशाल मैदान

c) तटिय क्षेत्र एवं द्वीप समूह d) दक्षिण का पठार

xv नीति आयोग की स्थापना कब की गई थी ?

a) 1 जनवरी 2015 a) 1 अगस्त 2015


c) 1 जुलाई 2016 d) 1 जनवरी 2024

## PART B

2. स्वर्णिम चतुष्कोण परम राजमार्ग किन-किन महानगरों को आपस में जोड़ता है ? (2)

3. भारत के पश्चिमी तट पर स्थित किन्हीं चार बंदरगाहों के नाम लिखें । (2)

4. दिए गये चित्र को ध्यान से देख कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :- (2X1=2)




i) जनसँख्या संक्रमण की कितनी मुख्य स्थितियां हैं ?

ii) स्थिर जनसँख्या के लिए जन्म दर और मृत्यु दर किस स्तर पर होनी चाहिए ?

5. भूगोल का शाब्दिक अर्थ एवं मानव भूगोल की परिभाषा लिखें । (2)

## PART C

6. मानव विकास के किन्हीं तीन स्तंभों की व्याख्या करें। (3)

7.धरातल, जलवायु, तथा मिट्टी किस प्रकार से जनसंख्या के वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करते हैं? (3)

8. ग्रामीण बस्तियां कितने प्रकार की होती हैं? विशेषताओं सहित वर्णन करें। (3)

## PART D

9. भारतीय कृषि की किन्हीं चार प्रमुख समस्याओं का विवरण लिखें। (4)

10. किन्हीं चार प्राथमिक मानवीय आर्थिक क्रियाओं का अपने शब्दों में वर्णन करें। (4)

## PART E

11 . नगरों का उदाहरण सहित प्रकार्यात्मक वर्गीकरण करें। (5)

12. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (5)

धारावी

धारावी से केवल एक मुख्य सड़क गुज़रती है, जो अपनी चौड़ाई में घटकर आधे से कम रह गई है। कुछ एक गलियाँ एवं पगडंडियाँ इतनी सँकरी हैं कि वहाँ से एक साइकिल का गुज़रना भी मुश्किल है। समूची बस्ती में अस्थायी निर्माण के भवन हैं, जो कि दो से तीन मंज़िल ऊँचे हैं तथा उनमें लगी लोहे की सीढ़ियाँ ऊपर को जाती हैं जहाँ एक ही कमरे को किराए पर लेकर पूरा परिवार रहता है। कई बार तो यहाँ एक कमरे में 10-12 लोग रहते हुए देखे जा सकते हैं। यह एक प्रकार से विक्टोरिया लंदन के पूर्वी सिरे की औद्योगिक इकाइयों के उत्कट अनुवर्ती संस्करण जैसा है।

लेकिन धारावी बहुत ही निराशाजनक रहस्यों का पालक है, अपेक्षाकृत धनाढ्य मुंबई के निर्माण में इसकी भूमिका है। यहाँ पर छायारहित स्थान, वृक्षरहित सूर्य की रोशनी (धूप), असंगृहित कचरा, गंदे पानी के ठहरे हुए गड्ढे, जहाँ केवल प्राणी जैसे काले कौओं और लंबे भूरे चूहों के साथ-साथ कछेक सर्वाधिक संदरतापर्ण तथा भारत में निर्मित मूल्यवान एवं उपयोगी सामान बनाए जाते हैं। धारावी से मृतिका,शिल्प (सेरेमिक्स), मिट्टी के बर्तन, कसीदाकारी एवं जरी का काम, परिष्कृत चमड़े का काम, उच्च फ़ैशन, वस्त्रादि महीन पिरवाँ (रॉट), धातु (रॉटमैटल) का कार्य, उत्कृष्ट आभूषण सेट, लकड़ी की पच्चीकारी तथा फर्नीचर आदि भारत एवं दुनिया भर के घरों तक जाता है।

- **a)** धारावी की भौतिक स्थिति का वर्णन कीजिए।
- b) धारावी की एक प्रमुख समस्या की व्याख्या कीजिए।
- c) धारावी के संदर्भ में स्वच्छ भारत मिशन के प्रमुख उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(2+1+2=5)

13 निम्न मैं से a एवं b को विश्व के मानचित्र पर तथा c, d तथा e को भारत के रेखा मानचित्र पर दर्शाए :-

- a) विश्व की सबसे लंबी रेलवे लाइन
- b) टोक्यो
- c) HBJ गैस पाइपलाइन
- d) भरमौर जनजातीय क्षेत्र
- e) कांडला (5X1=5)

## Unit Wise Chapter wise Marking Scheme for 10+2 Geography

Courses of Study

| **Book 1 -Fundamentals of Human Geography** | | | |
|---|---|---|---|
| Name of the Unit | Name of the Chapter | Chapter wise marks | Unit wise Marks |
| Unit 1 | Chapter 1- Human Geography Nature & Scope | 3 | 3 |
| Unit 2 | Ch2. The World Population distribution, density and Growth | 4 | 8 |
| | Ch3. Human Development | 4 | |
| Unit 3 | Ch. 4 Primary activities | 4 | 17 |
| | Ch.5 Secondary Activities | 4 | |
| | Ch. 6 tertiary and Quaternary activities | 3 | |
| | Ch. 7 Transport and Communication | 4 | |
| | Ch. 8 International Trade | 2 | |
| | Map Work | 2 | 2 |
| **Book 2- India People and Economy** | | | |
| Unit 1 | Ch.1 Population Distribution , Density , Growth and Composition | 3 | 3 |
| Unit 2 | Ch. 2 Human Settlements | 4 | 4 |
| Unit 3 | Ch.3 Land Resources and Agriculture | 3 | 11 |
| | Ch.4 Water Resources | 3 | |
| | Ch.5 Mineral And Energy resources | 2 | |
| | Ch.6 Planning and sustainable development in Indian Context | 3 | |
| Unit 4 | Ch7. Transport and Communication | 2 | 4 |
| | Ch8 . International Trade | 2 | |
| Unit 5 | Geographical Perspective on selected Issues and Problems | 5 | 5 |
| | Map Work | 3 | 3 |
| | | Total=60 | Total=60 |
| Note- Marking scheme within the unit is changeable for different chapters | | | |

| **Deleted Topics in New NCERT Books** |
|---|
| **Book 1 ( Fundamentals of Human Geography)**<br>Composition of Population<br>Human Settlements |
| **Book 2 ( India People and Economy )**<br>Migration : types, causes and consequences<br>Human Development<br>Manufacturing Industries |

## Blue Print of Part Wise Marks Distribution

| Part of Question Paper | Type of Question | Number of Questions | Marks |
|---|---|---|---|
| **Part A** | MCQ | 15 (1 Marks each) | **15** |
| **Part B** | Very Short Answer type questions (about 50 words) | 4 (2 Marks each) | **8** |
| **Part C** | Short answer type Questions (about 100 words) | 3 (three Marks each) | **9** |
| **Part D** | Medium (100-200 words) | 2 (4 marks each) | **8** |
| **Part E** | Long (> 200 words) | 3 (5 marks each) | **15** |
| **Map Work** | Fill up on outline map of India & World | 5 (1 marks each) | **5** |
| | | Total | **60** |

## Pattern of the Model Question paper

| Part | 1 marks Questions | 2 Marks Questions | 3 marks questions | 4 marks questions | 5 marks questions | Total marks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 15 | -- | -- | -- | -- | 15 |
| B | -- | 4 | -- | -- | -- | 8 |
| C | -- | -- | 3 | -- | -- | 9 |
| D | -- | -- | -- | 2 | -- | 8 |
| E | -- | -- | -- | -- | 3 | 15 |
| Map Work | 5 | -- | -- | -- | -- | 5 |
| TOTAL questions | 20 | 4 | 3 | 2 | 3 | Total Marks = 60 |